# कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर।

पत्रसं0-ज0सू0अ0-686/2024 दिनांकः अगस्त 27 ,2025

प्रेषक,

जनसूचना अधिकारी
कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
जनपद मीरजापुर।
मो0 न0 9454401105

सेवा में,

श्री योगी एम पी सिंह पुत्र श्री राजेन्द्र प्रताप सिंह
निवासी-मुहल्ला सुरेखापुरम जबलपुर रोड संगमोहाल
जनपद-मीरजापुर।
पिन कोड 231001

कृपया अवगत कराना है कि आयोग के अपील संख्या एस-01/0061/ए/2024 (पंजी0संख्या-ए-20240100130) अपीलार्थी श्री योगी एमपी सिंह निवासी-मुहल्ला सुरेखापुरम, जबलपुर रोड संगमोहाल जनपद मीरजापुर पिनकोड 231001 की सुनवाई माननीय राज्य मुख्य सूचना आयुक्त उ0प्र0 लखनऊ में दिनांक 16/07/2025 को नियत थी। जिसमें मा0 राज्य मुख्य सूचना आयुक्त द्वारा थाना-को0 कटरा जनपद-मीरजापुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-291/2023 धारा 420 भा0द0वि0 66C,66D आईटीएक्ट की विवेचना की प्रगति रिपोर्ट आयोग में प्रस्तुत की गयी। उक्त प्रगति रिपोर्ट के अवलोकन के बाद अग्रिम सुनवाई तिथि 28/08/2025 को नियत की गयी है जिसमें अपीलार्थी को उक्त विवेचना की अद्यतन रिपोर्ट से अवगत कराने का निर्देश प्राप्त हुआ है जिसके क्रम में उक्त विवेचना की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट निरीक्षक राकेश कुमार सिंह, पी0एन0ओ0-980550902 मो0न0-9415689432 थाना को0 कटरा जनपद- मीरजापुर से संकलन कर आपको प्रेषित की जा रही है।

अतः आप को अवगत कराना है कि उक्त वाद की अग्रिम सुनवाई उक्त आयोग में दिनांक 28/08/2025 नियत है, जिसकी प्रति संलग्न है- 04 वर्क।

27/08/25

(ओम प्रकाश सिंह )
जनसूचना अधिकारी/
अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन
जनपद मीरजापुर।

रिपोर्ट थाना कोतवाली कटरा जनपद मीरजापुर

सेवा मे,

श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन/ जनसूचना अधिकारी,
जनपद मीरजापुर

विषय- आवेदक श्री योगी एम0पी0सिंह पुत्र श्री राजेन्द्र प्रताप सिंह निवासी सुरेकापुरम कालोनी जबलपुर रोड थाना को0कटरा जनपद मीरजापुर द्वारा मु0अ0सं0 291/23 धारा 420 भा0द0वि0 66C व 66D आईटी के सम्बन्ध में मांगी गयी प्रगति आख्या के सम्बन्ध में-

महोदय,

सादर अवगत कराना है कि आपके पत्र संख्या ज०सू०अ० -686/2024,आयोग के अपील संख्या एस-01/0061/ए /2024 में आवेदक श्री योगी एम0पी0सिंह पुत्र श्री राजेन्द्र प्रताप सिंह निवासी सुरेकापुरम कालोनी जबलपुर रोड थाना को0 कटरा जनपद मीरजापुर द्वारा मु0अ0सं0 291/23 धारा 420 भा0द0वि0 66C व 66D आईटी ऐक्ट थाना को0 कटरा जनपद मीरजापुर के प्रकरण के संबंध मे मांगी गयी प्रगति आख्या निम्न प्रकार है-

**पर्चा सं0** 1 दिनांक 12.11.23 को किता किया गया है जिसमें नकल चिक, नकल रपट, बयान लेखक FIR अंकित है।

**पर्चा सं0** 2 दिनांक 24.11.23 को किता किया गया है जिसमें वादी की बयान हेतु तलाश किया नहीं मिला।

**पर्चा सं0** 3 दिनांक 16.12.23 को किता किया गया है जिसमें वादी मुकदमा का बयान लिया जाना अंकित है।

**पर्चा सं0** 4 दिनांक 15.01.24 को किता किया गया है जिसमें विवेचना के दौरान पाये गये संदिग्ध मो0नं0 7024188072 के विषय में जानकारी प्राप्त करने हेतु वादी मुकदमा से पूछताछ पर बताया कि यह मोबाइल नं0 मेरे या मेरे किसी सम्बन्धी द्वारा प्रयोग नहीं किया जाता है।

**पर्चा सं0** 5 दिनांक 14.02.24 को किता किया गया जिसमें यह पाया गया है कि वादी मुकदमा के पैन नं0 GSWPS0850Q के आधार पर 13 बैंक खाते खोले गये है जिसमें से एक खाता भारतीय स्टेट बैंक मीरजापुर में ख़ोला गया है तथा शेष 12 खातों के सम्बन्ध में जानकारी किया जाएगा।

**पर्चा सं0** 6 दिनांक 16.03.24 को किता किया गया है जिसमें वादी के पैन नं0 GSWPS0850Q से खोले गये खातों के सम्बन्ध में जानकारी हेतु भारतीय स्टेट बैंक मीरजापुर में रिपोर्ट प्रेषित करना अंकित है।

**पर्चा सं0** 7 दिनांक 12.04.24 को किता किया गया है जिसमें वादी मुकदमा को दिये गये आयकर विभाग के प्रपत्रों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करने के लिए जनपद मीरजापुर में स्थित आयकर विभाग के कार्यालय जाना परन्तु कोई विशेष जानकारी न मिल पाना अंकित है।

**पर्चा सं0** 8 दिनांक 15.05.24 को किता किया गया है जिसमें उक्त अभियोग में वादी मुकदमा द्वारा उपलब्ध कराये गये आयकर विभाग से सम्बन्धित प्रपत्रों में अंकित ईमेल dngoldraipur18@Gmail.com के सम्बन्ध में वादी मुकदमा से पूछताछ करना तथा उसके द्वारा इसका प्रयोग न करना बताया जाना अंकित है।

**पर्चा सं0** 9 दिनांक 17.06.24 को किता किया गया है जिसमें उक्त अभियोग से सम्बन्धित ईमेल आईडी dngoldraipur18@Gmail.com से सम्बन्धित जानकारी हेतु रिपोर्ट प्रेषित किया जाना अंकित है।

**पर्चा सं0** 10 दिनांक 27.06.24 को किता किया गया है जिसमें वादी मुकदमा के पैन कार्ड के आधार पर खोले गये खातों के सम्बन्ध में पंजाब नेशनल बैंक के शाखा प्रबन्धक को रिपोर्ट देकर जानकारी प्राप्त की गयी है जिसमें पंजाब नेशनल बैंक में इस पैन कार्ड के आधार पर कोई खाता न खोला जाना अंकित है।

**पर्चा सं0** 11 दिनांक 25.07.24 को किता किया गया है जिसमें वादी मुकदमा के पैन कार्ड के आधार पर खोले गये खातों के सम्बन्ध में यूनियन बैंक आफ इण्डिया मीरजापुर व बंधन बैंक मीरजापुर के शाखा प्रबन्धक को रिपोर्ट दिया जाना तथा बैंक द्वारा अवगत कराया गया कि इस पैन कार्ड से कोई खाता न खोला जाना अंकित है।

प्रमाणित

जनसूचना सेल
पुलिस कार्यालय
जनपद-मीरजापुर

**पर्चा सं0 12** दिनांक 23.08.24 को किता किया गया है जिसमें वादी मुकदमा के पैन कार्ड के आधार पर खोले गये खातों के सम्बन्ध में एक्सिस बैंक मीरजापुर व केनरा बैंक मीरजापुर व एच.डी.एफ.सी. बैंक मीरजापुर के शाखा प्रबन्धक को रिपोर्ट देकर जानकारी प्राप्त की गयी है जिसमें एक्सिस बैंक व केनरा बैंक व एच.डी.एफ.सी. बैंक में इस पैन कार्ड के आधार पर कोई खाता न खोला जाना अंकित है।

**पर्चा सं0 13** दिनांक 20.09.24 को किता किया गया है जिसमें उक्त अभियोग से सम्बन्धित वादी मुकदमा के पैन कार्ड नं0 GSWPS0850Q से खोले गये बैंक खातों के सम्बन्ध में जानकारी के लिए The Nodal Officer, National Securities Depository Limited को ईमेल किया गया। NSDL द्वारा उक्त पैन से कोई खाता अटैच न होना बताया गया है।

**पर्चा सं0 14** दिनांक 20.10.24 को किता किया गया है जिसमें NCRP शिकायत नं0 23109230082543 से सम्बन्धित प्रपत्रों का तथा आयकर विभाग से सम्बन्धित अन्य प्रपत्रों का अवलोकन अंकित किया गया है।

**पर्चा सं0 15** दिनांक 19.11.24 को किता किया गया जिसमें उक्त अभियोग से सम्बन्धित मो0नं0 7024188072 के धारक के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करने हेतु पुनःरिपोर्ट प्रेषित की गयी है।

**पर्चा सं0 16** दिनांक 24.11.24 को किता किया गया है जिसमें मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित स्टेट बैंक आफ इण्डिया खाता संख्या 40191917870 सेविंग बैंक एकाउन्ट व 40191978538 केसीसी एकाउन्ट के सम्बन्ध में धारक के नाम पता व इससे सम्बन्धित अन्य जानकारी प्राप्त करने हेतु एक ईमेल नोडल आफिसर स्टेट बैंक आफ इण्डिया को प्रेषित करना तथा वादी मुकदमा से सम्बन्धित पैन कार्ड से जुड़े खातों के सम्बन्ध में कमिश्नर इनकम टैक्स आयकर भवन IT कैम्पस 38 MG मार्ग सिविल लाइन को रिपोर्ट प्रेषित करना अंकित है।

**पर्चा सं0 17** दिनांक 28.11.24 को किता किया गया है जिसमें वादी मुकदमा के पैन कार्ड के आधार पर खोले गये खातों के सम्बन्ध में बैंक आफ बड़ौदा मीरजापुर व इण्डियन बैंक मीरजापुर के शाखा प्रबन्धक को रिपोर्ट देकर जानकारी प्राप्त की गयी है जिसमें बैंक आफ बड़ौदा व इण्डियन बैंक में इस पैन कार्ड के आधार पर कोई खाता न खोला जाना अंकित है इसके साथ ही संदिग्ध मोबाइल नं0 7024188072 के धारक के सम्बन्ध में जानाकरी सर्विलांस सेल द्वारा प्राप्त हो गयी है। उक्त धारक द्वारा उक्त मो0नं0 का प्रयोग 14.03.2024 से किया जाना अंकित है।

**पर्चा नं0 18** दिनांक 17.12.24 को किता किया गया है जिसमें निरीक्षक अरविन्द कुमार यादव के स्थानान्तरण के पश्चात् मुकदमा उपरोक्त की विवेचना निरीक्षक जितेन्द्र कुमार द्वारा ग्रहण करते हुए पूर्व किता पर्चो का अवलोकन व आयकर विभाग को वादी मुकदमा के पैन नं0 GSWPS0850Q से लिंक बैंक खातों के सम्बन्ध में जानकारी के लिए पूर्व विवेचक द्वारा प्रेषित रिपोर्ट सम्वन्ध के सम्बन्ध में नीता शर्मा इनकम टैक्स आफिसर ई फाइलिंग यूनिट 2 डायरेक्टर ऑफ इनकम टैक्स सीपीसी बैंगलोर द्वारा अपनी आख्या प्रेषित की गयी है जिसका अवलोकन किया गया है। उक्त आख्या में इनकम टैक्स आफिसर ई फाइलिंग ई फाइलिंग यूनिट 2 डायरेक्टर ऑफ इनकम टैक्स सीपीसी बैंगलोर द्वारा Linked Bank Account holder details KYC and bank opening form के सम्बन्ध में As per information available on e-Filing portal no bank account is linked with the e-Filing account GSWPS0850Q of PAN: अंकित किया गया है।

**पर्चा नं0 19** दिनांक 21.12.24 को मुझ निरीक्षक द्वारा किता किया गया है, जिसमें वादी से पूछताछ व वादी द्वारा प्रदान किये गये प्रपत्र का अवलोकन किया गया है तथा SBI बैंक डंकीनगंज को मुकदमा उपरोक्त से संबंधित बचत खाता नं0 40191917870 तथा KCC खाता सं0 40191978538 को फ्रीज कराने हेतु प्रतिवेदन देकर खातों को फ्रीज कराया गया तथा Manappuram Finance Limited. से खाता सं0 013205070000430802 के संबंध में विवरण प्राप्त किया गया, जिसमें उक्त खाता close पाया गया। मुकदमा उपरोक्त से संबंधित वादी के पैन नं0 GSWPS0850Q से संबंधित बैंक खातों की जानकारी प्राप्त करने हेतु बैंको के नोडल अधिकारीगण को e-mail माध्यम से पत्राचार किया गया है।

प्रमाणित

**पर्चा सं0 20** दिनांक 22.12.24 को किता किया गया है जिसमें सिबिल रिपोर्ट का अवलोकन तथा बैंक स्टेटमेन्ट का अवलोकन किया गया है।

**पर्चा सं0 21** दिनांक 27.12.24 को किता किया गया है जिसमें SBI सेविंग एकाउन्ट 40191917870 व SBI KCC Account 40191978538 की KYC के सम्बन्ध में SBI Branch Gangoli Dist. Jind Haryana के ब्रान्च मैनेजर से वार्ता करना अंकित है।

**पर्चा सं0 22** दिनांक 30.12.24 को किता किया गया है जिसमें SBI सेविंग एकाउन्ट 40191917870 व SBI KCC Account 40191978538 के बैंक स्टेटमेन्ट का अवलोकन तथा KYC प्राप्त न होना अंकित किया गया है।

**पर्चा सं0 23** दिनांक 09.01.25 को किता किया गया है जिसमें उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में डिटेल्स प्रदान किये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने व अलग से जांच कराने के सम्बन्ध में श्रीमान् अध्यक्ष केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) नई दिल्ली को रिपोर्ट प्रेषित किया जाना अंकित है।

**पर्चा सं0 24** दिनांक 10.01.25 को किता किया गया है जिसमें उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में विवेचना साइबर क्राइम थाना मीरजापुर को स्थानान्तरित्त किये जाने हेतु रिपोर्ट श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय को प्रेषित किया जाना अंकित है।

**पर्चा सं0 25** दिनांक 17.01.25 को किता किया गया है जिसमें पैन नं0 GSWPS0850Q से लिंक खातों का डिटेल प्राप्त करने हेतु बैंको को थाना को0 कटरा मीरजापुर साइबर सेल के द्वारा पूर्व में मेल किये जाने पर उक्त से सम्बन्धित 22 बैंको का डिटेल्स (जवाब) प्राप्त होना जिसमे उक्त पैन नं0 से सम्बन्धित, बैंकों में कोई खाता नहीं खोला गया है | उक्त प्रकरण के संबंध मे डिटेल्स प्रदान करने हेतु संबंधित आयकर विभाग को निर्देशित करने हेतु श्रीमान् अध्यक्ष केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) नई दिल्ली को रिपोर्ट रजिस्ट्रर्ड डाक से भेजा जाना अंकित है।

**पर्चा सं0 26** दिनांक 03.02.25 को किता किया गया है जिसमे आयकर विभाग से डिटेल्स प्राप्त करने हेतु श्रीमान् वरिष्ट पुलिस अधीक्षक मिर्जापुर के माध्यम से पत्राचार करने हेतु रिपोर्ट प्रेषित किया जाना अंकित है।

**पर्चा सं0 27** दिनांक 13.02.25 को किता किया गया है जिसमें वादी के पैन नं0 GSWPS0850Q से लिंक खातों के सम्बन्ध में डिटेल प्राप्त करने हेतु विभिन्न बैकों को भेजे गये मेल में से 22 बैकों का डिटेल निल प्राप्त हुआ था अन्य बैंको की डिटेल आना शेष है।

**पर्चा सं0 28** दिनांक 23.03.25 को किता किया गया है जिसमे मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित पैन नं0 GSWPS0850Q से खोले गए खातों का डिटेल्स प्राप्त करने हेतु आयकर विभाग को श्रीमान वरिष्ट पुलिस अधीक्षक मिर्जापुर के माध्यम से पत्राचार किया गया है।

**पर्चा सं0 29** दिनांक 16.04.25 को किता किया गया है जिसमें पैन नं0 GSWPS0850Q से लिंक खातों का डिटेल प्राप्त करने हेतु बैंको को थाना को0 कटरा मीरजापुर साइबर सेल के द्वारा पूर्व में मेल किया गया था जिसमे उक्त से सम्बन्धित 20 बैंको का डिटेल्स (जवाब) प्राप्त हुआ है , जिसमे उक्त पैन नं0 से सम्बन्धित बैंकों में कोई खाता नहीं खोला गया है।

**पर्चा नं0 30** दिनांक 20.04.25 को किता किया गया है जिसमें मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित पैन नं0 GSWPS0850Q से कोटल महिन्द्रा बैंक में एक खाता व केनरा बैंक में एक खाता खोले जाने का डिटेल थाना स्थानीय के साइबर सेल से प्राप्त हुआ उक्त खातों की KYC प्राप्त करने हेतु सम्बन्धित बैंक से पत्राचार किया गया है।

**पर्चा नं0 31** दिनांक 22.04.2025 को किता किया गया है जिसमें 5 बैंकों का डिटेल्स(जबाव) थाना को0 कटरा साइबर सेल से प्राप्त हुआ जिसमें पैन नं0 GSWPS0850Q से उक्त सम्बन्धित बैंकों में कोई खाता नहीं खोला गया है।

**पर्चा नं0 32** दिनांक 06.05.2025 को किता किया गया है जिसमें वादी के पैन नं0 GSWPS0850Q का प्रयोग कर कोटल महिन्द्रा बैंक में एक खाता व केनरा बैंक में एक खाता खोला गया है जिसकी आईडी प्राप्त हुई है परन्तु KYC प्राप्त होना शेष है।

**पर्चा नं0 33** दिनांक 10.05.2025 को किता किया गया है जिसमें बैंको से डिटेल प्राप्त करने हेतु पुनः थाना स्थानीय के साइबर सेल द्वारा मेल किया गया है।

प्रमाणित

पुलिस ... जनपद-मीरजापुर

पर्चा नं0 34 दिनांक 21.05.2025 को किता किया गया है जिसमें थाना स्थानीय के साइबर सेल से 16 बैंको का डिटेल्स (जवाब) प्राप्त हुआ है जिसमें पैन नं0 GSWPS0850Q से सम्बन्धित बैंकों मे कोई खाता नहीं खोला गया है।

**पर्चा नं0** 35 दिनांक 30.05.2025 को किता किया गया है जिसमें थाना स्थानीय के साइबर सेल से प्राप्त डिटेल के अनुसार मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित पैन नं0 GSWPS0850Q का प्रयोग कर डीबीएस बैंक में दो खाता डिजिटल खोले गये हैं। उक्त दोनो खातों के खाताधारकों के नाम पता व KYC प्राप्त करने हेतु सम्बन्धित बैंको से पत्राचार किया गया है।

**पर्चा सं0** 36 दिनांक 06.06.25 को किता किया गया है जिसमें वादी मुकदमा द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित आयकर विभाग के Taxpayer Information Summary (TIS) डीटेल्स का प्रिंटआउट प्रदान किया गया है जिसका अवलोकन किया जाना अंकित है।

**पर्चा सं0** 37 दिनांक 08.06.25 को किता किया गया है जिसमें मुकदमा उपरोक्त से संबंधित डीबीएस बैंक खाता संख्या क्रमशः 881006312484 व 881003885183 का खाता स्टेटमेंट व केवाईसी प्राप्त करने हेतु थाना स्थानीय साइबर सेल से मेल भेजा गया था। इस संबंध में डीबीएस बैंक इंडिया लिमिटेड द्वारा बताया गया कि we hereby confirm that above mentioned account is an E - wallet opened the digitally through app hence there is no account opening form. ( अर्थात उपरोक्त खाते ऐप्प के माध्यम से डिजिटल खोले गये है जिसका कोई अकाउंट ओपनिंग फॉर्म नहीं है )। SBI खातों की KYC में वोटर कार्ड व पैन कार्ड की प्रति प्रदान किया जाना अंकित है तथा DBS बैंक में खोले गये खाते में संलग्न मो0नं0 का सीडीआर व कैफ प्राप्त करने हेतु सर्विलांस सेल को रिपोर्ट प्रेषित किया जाना अंकित है।

**पर्चा सं0** 38 दिनांक 26.06.25 को किता किया गया है जिसमें डीबीएस बैंक में खोले गये खातों में संलग्न मो0नं0 का एसडीआर/आईडी प्राप्त होना व अवलोकन किया जाना अंकित है।

**पर्चा सं0** 39 दिनांक 04.07.2025 को किता किया गया है जिसमें वादी मुकदमा द्वारा आयकर विभाग के टैक्स पेयर इनफार्मेशन समरी (TIS) की प्रति को मय प्रतिवेदन के साथ विवरण प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में आयकर विभाग से पत्राचार किया जाना अंकित है।

**पर्चा सं0** 40 दिनांक 25.07.2025 को किता किया गया है जिसमें विवेचना ग्रहण कर पूर्व किता किए गए पर्चों का अवलोकन किया गया है।

**पर्चा सं0** 41 दिनांक 11.08.2025 को किता किया गया है जिसमें मुकदमा उपरोक्त से संबंधित बैंको में वादी के पैन नं0 का प्रयोग कर खोले गये खाते के खाताधारकों का नाम पता तस्दीक करने हेतु श्रीमान् पुलिस महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र को अनुमति हेतु रिपोर्ट भेजी गयी है एवं वादी मुकदमा द्वारा आयकर विभाग के टैक्स पेयर इनफार्मेशन समरी (TIS) की प्रति को मय प्रतिवेदन के साथ विवरण प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में आयकर विभाग प्रयागराज से पत्राचार किया जाना अंकित है।

मुकदमा उपरोक्त से संबंधित बैंको में वादी के पैन नं0 का प्रयोग कर खोले गये खाते के खाताधारकों का नाम पता तस्दीक कर शीघ्र ही विधिक कार्यवाही की जायेगी। वर्तमान में विवेचना प्रचलित है।

रिपोर्ट सादर सेवा में प्रेषित है।

26/8/2025

(राकेश कुमार सिंह)
निरीक्षक
थाना कोतवाली कटरा
जनपद मीरजापुर

प्रमाणित

कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर।

पत्रसं0-ज0सू0अ0-686/2024 दिनांक:अगस्त 27,2025

सेवा में,

मुख्य सूचना आयुक्त
राज्य सूचना आयोग
उ0प्र0 लखनऊ।

महोदय,

कृपया अवगत कराना है कि आयोग के अपील संख्या एस-01/0061/ए/2024 (पंजी0संख्या-ए-20240100130) अपीलार्थी श्री योगी एमपी सिंह निवासी मुहल्ला सुरेखापुरम, जबलपुर रोड संगमोहाल जनपद मीरजापुर पिनकोड 231001 की सुनवाई माननीय राज्य मुख्य सूचना आयुक्त उ0प्र0 लखनऊ में दिनांक 28/08/2025 को नियत है। मा0 राज्य मुख्य सूचना आयुक्त द्वारा थाना को०-कटरा जनपद मीरजापुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-291/2023 धारा 420 भा0द0वि0 66C,66D आईटीएक्ट के विवेचक को विवेचना का सम्पूर्ण प्रपत्र, केश डायरी, पैन कार्ड पर ट्रान्जेक्शन के सम्बन्ध में किसको किसको मेल किया गया है, कितने बैंक के खातों को सीज किया गया है एवं विवेचना की प्रगति रिपोर्ट से अपीलार्थी को अवगत कराते हुए उक्त विवेचना की अद्यतन रिपोर्ट उक्त आयोग में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। अद्यतन आख्या अपीलार्थी के मेल-yogimpsingh@gmail.com पर दिनांकः 27/08/2025 को प्रेषित किया गया है, अपीलार्थी को उक्त सुनवाई की तिथि से भी अवगत कराया गया है। निरीक्षक राकेश कुमार सिंह, पी0एन0ओ0-980550902 मो0न0-9415689432 अपराध शाखा जनपद- मीरजापुर से उक्त विवेचना की अद्यतन रिपोर्ट संकलन कर आपको प्रेषित की जा रही है।

अतः माननीय आयोग से विनम्र निवेदन है कि उपरोक्त प्रकरण का अवलोकन कर वाद को निक्षेपित करने की कृपा करें।

संलग्नक -27 वर्क

27/8/25

(ओम प्रकाश सिंह)
जनसूचना अधिकारी/
अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन
जनपद मीरजापुर।